Regarding alleged misappropriation of coal in Dhanbad district, Jharkhand-Laid

श्री दुलू महतो (धनबाद) : मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि धनबाद जिले के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कोकिंग कोयले का विशाल भंडार स्थित है, जो भारत में पाए जाने वाले कोकिंग कोयले की सर्वोत्तम गुणवत्ता के रूप में प्रसिद्ध है ।

अफसोस की बात यह है कि इस उच्च गुणवत्ता वाले कोयले इस्तेमाल में अनियमितताएँ हो रही हैं । इसके परिणामस्वरूप तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है और कुछ भ्रष्ट तत्व इसका अनुचित लाभ उठाने के प्रयास में हैं ।

प्रारंभिक आकलनों के अनुसार, बाघमारा क्षेत्र से लगभग 5000 करोड़ रुपये से अधिक की कोयला चोरी की घटना हो चुकी है । यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि इसमें राज्य के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों का भी कथित तौर पर समर्थन और संरक्षण हो रहा है ।

अतः मेरी विनम्र अपील है कि इस मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए और साथ ही मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच करवाई जाए ताकि दोषियों को कानून के मुताबिक सजा मिल सके ।